इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, रविवार, 9 अगस्त 2026

जो व्यक्ति भी विकास के लिए खड़ा है उसे हर एक रूढ़िवादी चीज की आलोचना करनी होगी, उसमें अविश्वास करना होगा तथा उसे चुनौती देनी होगी।
-भगत सिंह

वर्ष 18 अंक 338 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12+4

तापमान - अधिकतम 33.5°C (-0.1) न्यूनतम 27.8°C(+2.0) सेंसेक्स 78,499.17 (-455.59) निफ्टी 24,570.85 (-065.35) सोना 1,50,050 चांदी 2,45,000 मुद्रा - डालर 95.29 दिरहम 25.94 रियाल 25.41



# मेडिकल अफसरों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का मिला प्रशिक्षण

## ⊙ एरा यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ भी हुए शामिल




लखनऊ (सं)। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में चिकित्सकों की भूमिका केवल मरीजों के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावी नेतृत्व और प्रबंधन भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य से होटल फॉर्च्यून पार्क में 6 से 8 अगस्त तक मेडिकल अफसरों के लिए लीडरशिप एंड मैनेजमेंट ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जॉन्स हॉपकिन्स ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के सहयोग से किया। इसका उद्देश्य ऐसे मास्टर ट्रेनर्स तैयार करना था, जो आगे प्रदेशभर में एल-4 स्तर के मेडिकल अफसरों को नेतृत्व और प्रबंधन का प्रशिक्षण दे सकें। एरा यूनिवर्सिटी की ओर से नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. प्रिसिला सैमसन, हेड इनोवेशन हरि शंकर और सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर एसएम कौनेन आबिदी ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, बदलाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद, समस्या समाधान, डिजिटल हेल्थ, नवाचार और जवाबदेही जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में समूह चर्चा, व्यावहारिक अभ्यास, टीम गतिविधियों, प्रोजेक्ट वर्क और प्रस्तुतियों के जरिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एडल्ट लर्निंग, सत्र नियोजन, मेंटरिंग और प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए ऐडी, ब्लूम्स टॉक्सोनॉमी और किर्कपैट्रिक मॉडल की जानकारी दी गई। इसमें नॉलेज, स्किल्स और एटीट्यूड डेवलप करने और सीखने को मेजरेबल प्रोफेशनल और ऑर्गेनाइजेशनल नतीजों में बदलने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, आईएएस, एसआईएचएफडब्ल्यू की निदेशक अर्चना वर्मा और उपनिदेशक डॉ. मोहित सिंह मौजूद रहे। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी, अमेरिका के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. साइरस इंजीनियर ने प्रमुख वक्ता के रूप में प्रशिक्षण दिया। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।